वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 221 मंगलवार 6 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान मौसम: दस दिनों से जम रही है बर्फ, माउंट आबू में कड़ाके की सर्दी

**राजस्थान में सर्दी का असर बढ़ने लगा है। माउंट आबू में सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस पर रहा।**



**जयपुर. कासं।** राजस्थान में सर्दी का असर बढ़ने लगा है। माउंट आबू में सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस पर रहा। वहीं शेखावाटी में पिछले दो दिन से सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश में माउंट आबू के बाद सीकर और चूरू जिला प्रदेश में सबसे सर्द रहा। उत्तरी हवाएं चलने के कारण गलन ने ठिठुरा दिया। अलसुबह से सुबह करीब सात बजे कोहरा छाया। मौसम साफ होने के साथ धूप तो निकली लेकिन उत्तरी हवाओं के कारण ठिठुरन रही। शाम होते ही सर्दी बढ़ने लगी। इधर, मौसम विभाग के अनुसार बर्फबारी के बाद उत्तरी हवाएं चलने से आगामी दिनों में मैदानी इलाकों में सर्दी तेज होगी।

### माउंट आबू में कड़ाके की सर्दी

माउंट आबू. पर्यटन स्थल माउंट आबू की वादियां इन दिनों कड़ाके की सर्दी से कांप रही हैं। सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस पर रहा। अधिकतम तापमान में मामूली सा इजाफा होने से 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे सोलर प्लेटों, आवासीय भवनों की छतों, जलाशयों के किनारे, बाग-बगीचों में खिले फूलों, पेड़-पौधों के पतों, पोलो ग्राउंड, खुले मैदानों, रात को खुले में पार्क किए गए वाहनों की छतों पर बर्फ की परत जम गई।

### विक्षोभ बढ़ाएगा सर्दी

मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा। बर्फबारी के बाद चलने वाली उत्तरी हवाओं के कारण सर्दी तेज होगी। 12 दिसम्बर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसके कारण उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है।

## सरदारशहर उप चुनाव में हुई करीब 70% वोटिंग

**कई जगहों पर बीजेपी-कांग्रेस के कार्यकर्ता भिड़े; 8 दिसंबर को आएंगे नतीजे**



**जयपुर/चूरू. कासं**

चूरू जिले की सरदारशहर विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई। उप चुनाव में कुछ जगहों पर कांग्रेस-बीजेपी के कार्यकर्ताओं में हल्की झड़प को छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हुआ है। उप चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस और रालोपा के प्रत्याशियों समेत कुल 10 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। 5 बजे मतदान खत्म होने के बाद भी कई बूथों पर लोग वोट देने के लिए लाइन में लगे हुए थे, ऐसे में वोटिंग परसेंट और बढ़ सकता है। सरदारशहर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय स्कूल नंबर 11 में बने बूथ नंबर 115 पर दोपहर को फर्जी मतदान को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उलझ गए। सूचना मिलने पर एसपी दिगंत आनंद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बात कर मामला शांत करवाया। वहीं दारुल उलूम अहले सुन्नत गोसिया के बूथ नंबर 135 के आगे कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में आगे खड़े होने की बात को लेकर झड़प हो गई। संवेदनशील बूथ होने के कारण पुलिस ने व्यवस्था संभाली। एएसपी राजेंद्र मीणा, डीएसपी रामप्रताप विश्नोई और सीआई सतपाल विश्नोई मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश कर वहां से हटाया।

## देशभर के लेखकों की पुस्तकों को किया भेंट, संपर्क जलसे की दी जानकारी

**जयपुर. कासं।** संपर्क संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। मंडल ने मिश्र को सम्पर्क संस्थान के 21 वर्षों के सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए संस्थान की विमोचित विभिन्न रचनाकारों की पुस्तकों को भेंट किया। सम्पर्क के अध्यक्ष अनिल लढ़ा, समन्वयक महासचिव रेनू शब्द मुखर, महासचिव प्रशासन सुनील अग्रवाल, महासचिव सुनीता लढ़ा ने संपर्क साहित्यिक संस्थान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर 8 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्सव समारोह के लिए भी आमंत्रित किया। संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने संपर्क संस्थान के कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए संस्थान के उद्देश्य सेव गर्ल सेव गर्ल के बारे में बताया। वहीं रेनू शब्दमुखर ने संपर्क साहित्य संस्थान के 5 सालों का लेखा-जोखा बताने के साथ ही जल्द हाने वाले सम्पर्क जलसे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने संपर्क संस्थान के तत्वाधान में विमोचन की गई पुस्तकें आपातकाल संपादक अनिल लढ़ा, रेनू शब्द मुखर द्वारा संपादित पुस्तकें शब्द मुखर है, तेरे मेरे शब्द, शब्दों का कारवां, दमकते लम्हे और एकल काव्य संग्रह अनकहे शब्द सहित कई पुस्तों को भेंट किया।





# कभी अपने पद, पैसा, वक्त और किस्मत पर घमंड नहीं करना: अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

कभी अपने पद, पैसा, वक्त और किस्मत पर घमंड नहीं करना.. क्योंकि सुबह उनकी भी होती है जिनके दिन खराब होते हैं..!

## सब दिन होत ना एक समान

मनुष्य जीवन में द्वेष, ईर्ष्या, जलन होना कोई बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात तो यह है कि उसकी सोच ही ऐसी है। ईर्ष्या, द्वेष आदमी की उन्नति में बाधक है। जैसे गन्दगी होने से स्थान दूषित हो जाता है वैसे ही - ईर्ष्या, द्वेष, कषाय से अच्छा मन भी गन्दा हो जाता है। अक्सर मनुष्य के भीतर ये गुण तब प्रकट होते हैं जब कोई अपना उन्नति की ओर अग्रसर होता है, नाम पहचान बढ़ती है, या लोक प्रियता बढ़ती है। जब हम दूसरे की प्रगति को देख नहीं पाते हैं तब ये दुर्गुण पनपने लगते हैं। ऐसे लोग अक्सर दुखी



परेशान होकर, अशान्ति का जीवन जीते हैं। जबकि अपनों को अपने की कार्य शैली देखकर, मेहनत-मशक्कत देखकर खुश होना चाहिए। यही मनुष्य जीवन का आदर्श फामूर्ला और मानवीय गुण है। मैं देख रहा हूं - आदमी बड़े पद पर बैठकर अन्धा और बुद्धि हीन हो जाता है। फिर वह ना खुद की आँख से देखता है, ना खुद की बुद्धि से निर्णय लेता है। दो पैसे का नौकर - बाबू के कान में जो विष घोल देता है, बस उस पर ही निर्णय हो जाता है। यही कारण है कि आज पद की गरिमापूर्ण स्थिति खतरे में आ रही है और लोगों का रूझान भी खत्म सा हो रहा है। इसलिए जीवन में उचित-अनुचित का निर्णय दोनों पक्षों की बात को सुनकर लेना चाहिए। अन्यथा छोटी सी एक भूल सबके लिये भारी पड़ सकती है। जरूरी नहीं है कि बीमार होने की वजह, बीमारी ही हो.. कुछ लोग दूसरों की उन्नति, लोकप्रियता और खुशी देख कर भी बीमार हो जाते हैं...!!! **संकलन : नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद** ।

# आचार्य वर्द्धमान सागर जी महाराज और प्रज्ञा श्रमण मुनि अमित सागर जी महाराज ससंघ को श्रीफल भेंट

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**



अजमेर। दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति अजमेर द्वारा अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी मे विराजित आचार्य वर्द्धमान सागर जी महाराज ससंघ को किशनगढ़ पंच कल्याण के तत्पश्चात अजमेर नगर में शीत कालीन प्रवास हेतु तथा प्रज्ञा श्रमण मुनि अमित सागर जी महाराज ससंघ को 2023 के चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया। प्रवक्ता पदम चन्द सोगानी ने बताया समिति अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल के नेतृत्व में विनय पाटनी,राजेन्द्र पाटनी, सुमनेश दोसी,ललित पांड्या,महेंद्र- शांता काला,महावीर लुहाड़िया, अनिल गदिया,विनोद पाटनी, अशोक गोधा, सुरेश गंगवाल,सुनील सोगानी, सुरेंद्र बाकलीवाल, ऋषि दोसी, अविनाश बड़जात्या, ललित गोधा आदि सहित 50 सदस्यों ने गुरुवर से निवेदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।





# पंचकल्याणक महा महोत्सव के समापन पर आयोजित हुआ मंदिर में श्री महावीर विधान

**श्रीमहावीरजी. शाबाश इंडिया**

क्षेत्र में आयोजित भगवान महावीर के पंचकल्याणक ओर महामस्तकाभिषेक महोत्सव को शांतिपूर्ण संपन्न होने के उपरांत मुख्य मंदिर परिसर में सोमवार को महावीर विधान का आयोजन हुआ क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल नर बताया कि श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में सोमवार को दोपहर 1 बजे आचार्य वर्धमान सागर महाराज, गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी संसघ सानिध्य में श्री महावीर विधान पूजा संपन्न हुई आचार्य श्री ने विधि विधान ओर मंत्रोचार के साथ श्री महावीर विधान पाठ कार्यक्रम संपन्न कराया इस दौरान श्रावक श्राविकाओ ने क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया महामस्तकाभिषेक ओर पंचकल्याणक महोत्सव के निर्विघ्न रुप से संपन्न होने के मौके पर श्री महावीर विधान का आयोजन किया गया था इससे पूर्व भगवान महावीर के मुख्य मंदिर परिसर में शांति धारा पाठ, प्रक्षाल व पूजा विधान कार्यक्रम संपन्न किए गए इस मौके प्रबंध कारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशू कासलीवाल, मानद मंत्री महेंद्र कुमार पाटनी कोषाध्यक्ष विवेक काला, सुरेश सबलावत, उपाध्यक्ष सुभाष जैन संयुक्त मंत्री उमराव मल संगी, राकेश सेठी सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आचार्य श्री सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ का कूकस मे प्रवेश




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ का श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रप्रभु जी कूकस मे आगमन रविवार को हुआ। बडी संख्या में श्रावको ने तपोभूमि के प्राकृतिक वातावरण मे आचार्य श्री ससंघ के आहार प्रवचन प्रतिक्रमण का दर्शन श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन संदीप अंजू पापडिवाल ने किया। समारोह के मध्य सकल जैन समाज सांगानेर व वैशाली नगर जयपुर के धर्मावलम्बियों ने श्रीफल समर्पित कर क्षेत्र पर पधारने हेतु निवेदन किया। संघ सानिध्य में संपन्न हुए ऋद्धि मंत्रो के साथ 48 दीपार्चन युक्त संगीत मय भक्तामर अनुष्ठान मे बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## वेद ज्ञान

### जरूरी है 'आशा' का सामंजस्य

मनुष्य का सारा जीवन अनंत आशाओं के भंवरजाल में फंसा रहता है। यह सही है कि आशा जीवनी शक्ति प्रदान करती है। मनुष्य को बहुत कुछ करने को प्रेरित करती है, लेकिन उसका दूसरा पक्ष यह भी है कि आशा और कामना की एकाध कड़ी पार करते ही मनुष्य अनंत आशाओं के चक्रव्यूह में फंसता चला जाता है। यह सत्य है कि जीवन में अगर क्रियात्मक आशा की जाए तो सफलताएं मिलती हैं लेकिन जब समुद्र की लहरों की तरह मन में आशा की अनंत लहरें उठने लगती हैं तो उसे पूरा करना संभव नहीं होता है। जब एक-दो बार आशा पूरी हो जाती है तो मनुष्य स्वभावतः अहंकारी हो जाता है। वह प्रतिक्षण अपने मन में उठते मनोवेग की तरह वह सब कुछ पा लेना चाहता है जो वह कल्पना करता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि आशा का प्रवाह अनंत होता है। एक आशा पूरी होती है तो दूसरी सिर उठाकर सामने खड़ी हो जाती है। यह निरंतर चलने वाली मन की प्रक्रिया है। प्रत्येक मनुष्य धन कमाना चाहता है। उसके लिए वह अनेक कृत्य करता रहता है और एक बार जब धन की प्राप्ति हो जाती है तो वह और धन प्राप्त करना चाहता है। मनुष्य की चाह का कोई अंत नहीं है। कामना और वासना दो ऐसे मनोवेग हैं, जो कभी पूरे नहीं होते। आज तक धन की कामना और वासना की पूर्ति से कभी कोई संतुष्ट नहीं हुआ। जीवनभर इस कामना और वासना की पूर्ति में मनुष्य अपना सारा जीवन नष्ट कर देता है और उसे सुख कभी नहीं मिलता। सुख की खोज में भटकते-भटकते मनुष्य अंत में दुख प्राप्त करके घर लौटता है। आज हमारे समाज में इतने दुखी, अशांत, चिंताग्रस्त, बीमार लोग इसलिए हैं कि वे अपनी कामनाओं को पूरा नहीं कर पाए। आशावादी होना जीवन के लिए उपयोगी है, लेकिन आशा जब परवान चढ़ने लगे, आशा जब अनंत बन जाए तो जीवन के लिए खतरनाक बन सकती है। आज प्रत्येक परिवार में इतनी कलह इसलिए है कि परिवार के प्रत्येक सदस्य अपने-अपने अहंकार की पूर्ति की आशा में बैठे हैं। आज परिवार इसलिए टूट रहे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी आशाओं की पूर्ति के लिए अहंकार के घोड़े पर बैठा है।

## संपादकीय

# चुनावों में हर नेता के अलग वादे

एक प्रवक्ता कह रहा है: लिख के ले लो, गुजरात में हमारी सरकार बन रही है ! दूसरा प्रवक्ता कह रहा है, हम खामोशी से काम कर रहे हैं, इस बार हमी सरकार बनाएंगे ! तीसरा प्रवक्ता कहता है कि इस बार हम पिछले सारे कीर्तिमान तोड़ देंगेड्ड चुनाव परिणाम से पहले सभी इसी तरह ताल ठोकते नजर आते हैं। जब परिणाम आ जाते हैं तो सिर्फ जीतने वाला खबरों में रह जाता है, बाकी कांय-कांय करते रह जाते हैं ! कोई कोई सूरमा तो हारने के बाद भी हार नहीं मानता, वह अपनी हार का ठीकरा ईवीएम के सिर फोड़ता रहता है ! इस बार गुजरात के चुनाव में हर दल मुफ्त की रेवड़ी बांटने में प्रतियोगिता करता दिख रहा है। सब सब कुछ देने पर उतारू हैं कि हम ये देंगे कि ये और देंगे कि ये अतिरिक्त देंगे और एक दिन हम सबको स्वर्ग भी देंगे, वो भी मुफ्त ! जनता भी मजे लेती है।



दिल्ली नगर निगम के चुनावों में भी एक से एक दानवीर निकल पड़े हैं ! अगर सब सब कुछ देने लगे, तो एक दिन दिल्ली जीता-जागता स्वर्ग बन जानी है। लेकिन इस स्वर्ग की हवा का न प्रदूषण कम होना है, न कूड़ा बनना कम होना है, न कलह कम होनी है ! गुरुवार के दिन गुजरात में पहले चरण का मतदान शुरू हुआ, तो चैनल हर घंटे के हिसाब से मतदान का फीसद बताते रहे कि सुबह तक इतना फीसद मतदान हुआ, कि दोपहर तक इतना हुआ और शाम तक इतना, फिर यह खबर दी जाती रही कि इस बार का मतदान 2017 की अपेक्षा काफी कम रहा ! इसे देख एक विपक्षी नेता ने आरोप लगाया कि मतदान की गति को जानबूझ कर धीमा किया गया है- यह कुछ ज्यादा ही दूर की कौड़ी रही ! अरे भइए ! जनता का वोट, जनता चाहे दे या न दे या जितना चाहे दे ! ये उसकी मर्जी ! वोट जबर्दस्ती तो नहीं डलवाया जा सकता न ! इस बीच सप्ताह की एक बड़ी बहस अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह के निर्णायक मंडल के प्रमुख द्वारा 'कश्मीर फाइल्स' को 'अश्लील (वल्गर) प्रचार' और 'फासिस्ट' कहने के कारण बनी ! कई भक्त चैनल और कई भक्त एंकर तथा चर्चक फैल गए कि जूरी प्रमुख की इतनी हिम्मत कैसे हुई कि हमारी ही जूती हमारे ही सिर कर दी ! हमी ने उसे जूरी का चीफ बनाया और उसने हमी को ठोका ! कश्मीर फाइल्स पर चली बहसें लौट आईं। एक ने याद दिलाया कि जिनको हिटलर का होलोकास्ट झेलना पड़ा, वे ऐसा कह रहे हैं ! कैसा आश्चर्य ! मगर जूरी चीफ लापिद को सबसे सही जवाब दिया इजराइल के राजदूत ने ही, कि वे भारत से अपनी कुंठा न निकालें और कि उनका कथन कश्मीरी पंडितों का अपमान है... कई बहसों में जूरी के पक्षधर भी दिखे। कई कहते रहे कि कश्मीर फाइल्स का सच सच नहीं है, जिसके जवाब में बार-बार यही कहा जाता रहा कि क्या हजारों कश्मीरी पंडितों की हत्याएं और कश्मीर से उनका जबरिया निष्कासन सच नहीं है ? इसके जवाब में आलोचक कहने लगते कि निष्कासितों को फिर से बसाने के लिए सरकार क्या कर रही है ? बहस करने वाले अक्सर पाला बदलते रहते हैं। मुद्दों को बदलते रहते हैं।

## परिदृश्य

# विराट की समझ

ब्रह्मांड का कोई ओर-छोर नहीं, कोई अंत नहीं। हम परिष्कृत दूरबीनों और लेंसों के जरिए ब्रह्मांड को गहराई से देख रहे हैं। अधिकतम दूर आकाश गंगाओं तक राकेट भेजने की कोशिश कर रहे हैं। खगोलविदों ने हाल ही में तेरह सौ प्रकाश वर्ष दूर ओरियन नेबुला की विस्तृत छवियां जारी की हैं। इससे पहले ग्रीष्म ऋतु में उन्होंने 'वाइट ड्वार्फ' सितारों और अब तक देखी गई सबसे दूर की आकाशगंगा की खोज की। ओरियन नेबुला रात के आकाश में सबसे चमकीली निहारिकाओं में से एक है। सूर्य से दो हजार गुना अधिक द्रव्यमान वाले ओरियन नेबुला का सबसे अधिक अध्ययन किया गया है, जो हमारी जिज्ञासा को उत्तेजित करता रहता है। नेबुला के सघन अध्ययन से पता चला है कि गैस और धूल के बादलों के ढहने से तारे और ग्रह प्रणाली कैसे बनती है। पृथ्वी के हर पहलू और जैवमंडल से लेकर जैव अणुओं तक को खंगालते हुए हमने अद्भुत ज्ञानार्जन तो किया है, लेकिन उसके साथ जिंदा ग्रह पर जीवन सृजन करने वाली नैसर्गिक प्रक्रियाएं काफी छिन्न-भिन्न हो गई हैं। मानव जाति ने भांप लिया है कि पृथ्वी अब हमें लंबे समय तक सहन नहीं कर सकती। ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कोई शरणस्थल हो सकता है, यह जानने की अनंत जिज्ञासा तो है ही, लेकिन कारण इतना भर नहीं है। अपनी नैसर्गिक जिज्ञासाओं को तृप्त करने के लिए मानव जाति के विकास-धर्म का अनुपालन करते हुए हमें ब्रह्मांड की गहराइयों में गोते लगाने ही थे, आकाश गंगाओं की यात्राएं करनी ही थीं, जीवन पालक ग्रहों की खोजें करनी ही थीं- और हम वही कर रहे हैं, वही करते रहेंगे, जब तक कि अपने लक्ष्यों को नहीं पा लेते। हमें जो सीखना है वह अंतहीन है- ब्रह्मांड जितना विराट है, जिसमें हमारा ग्रह घूमता है और उसके साथ हम। यह जानना रोमांचक और कभी-कभी असुविधाजनक होता है कि हम अभी तक कितना नहीं जानते हैं। वास्तव में हम जितना जानते हैं और जितनी मात्रा में हमने ज्ञानार्जन किया है, वह उसका एक अंश भी नहीं, जितना हम नहीं जानते और जितना हमें ज्ञानार्जन करना है। 'वेन वी सीज टू अंडरस्टैंड द वर्ल्ड' में बेंजामिन लाबाटुट कहते हैं कि कैसे क्वांटम यांत्रिकी के आगमन ने रैखिक पथ को ऊपर उठाया, जिसने उस बिंदु तक, दुनिया को छोटे, और छोटे, टुकड़ों में बांटने से हमारी वैज्ञानिक सफलता में द्रुत गति से वृद्धि की। विज्ञान का सिद्धांत है कि किसी वस्तु को समझने के लिए उसे वहां तक छोटा करते चले जाओ, जहां से उसे समझने में आसानी हो। इस तरह विज्ञान ने पदार्थ को परमाणु तक और जैवमंडल को कोशिका तक खंडित कर दिया और अपने ब्रह्मांड को अधिकाधिक समझने का प्रयास किया। 1927 में दुनिया के महानतम वैज्ञानिकों के एक सम्मेलन में, लाबाटुट ने बताया था कि वर्नर हाइजेनबर्ग और नील्स बोहर ने क्वांटम यांत्रिकी के संबंध में अपना आश्चर्य-भरा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। एक इलेक्ट्रान किसी निश्चित स्थान पर तब तक नहीं होता। जब तक इसे मापा नहीं जाता; यह केवल उसी क्षण में प्रकट होता है। मापने से पहले, इसमें कोई विशेषता नहीं होती; अवलोकन से पहले इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस खोज के माध्यम से, वैज्ञानिक विचारकों को जीवन के निर्माण खंडों को पूरी तरह से समझने की हमारी क्षमता की सीमाओं का सामना करना पड़ा। हाइजेनबर्ग ने बहुचर्चित 'अनिश्चितता सिद्धांत' भी प्रस्तावित किया, जिसमें कहा गया है कि एक कण की स्थिति और गति दोनों को सटीकता से नहीं मापा जा सकता।





# प्रभु के निर्वाण एवं श्रीजी की शोभायात्रा के साथ पंचकल्याणक संपन्न

इंदौर. शाबाश इंडिया

महावीर नगर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के श्रुत संवेगी शिष्य मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में चल रहे 6 दिवसीय श्री नेमिनाथ जिन बिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को मोक्ष कल्याणक मनाया एवं निर्वाण लाडू चडाया गया। निर्वाण लाडू चढाने का सौभाग्य मुकेश पाटोदी परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री आदित्य सागर जी ने देशना देते हुए कहा कि इष्ट का जो उपदेश सुनता और ग्रहण करता है वही इष्ट बनता है और मोक्ष जाता है। जिसे इष्ट का उपदेश सुनना ग्रहण करना हो तो वह स्वाध्याय करें, स्वाध्याय से कषाय मंद होगी और विशुद्धि बढ़ेगी। मुनि श्री ने देश में सास्वत तीर्थ शिखरजी बचाव के संबंध में चल रहे अहिंसक आंदोलन का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार द्वारा तीर्थ को पर्यटन केंद्र बनाए जाने के निर्णय की आलोचना करते हुए कहा कि यह निर्णय शिखरजी तीर्थ की पवित्रता को नष्ट करने का प्रयास है। आपने कहा कि तीर्थंकर नेमिनाथ की निर्वाण भूमि गिरनार तीर्थ हमारे हाथ से चला गया शिखरजी ना चला जाए इसके लिए समग्र जैन समाज संगठित होकर शिखरजी की रक्षा के लिए यह संकल्प ले कि हम न किसी के प्राण लेंगे न प्राण देंगे और शिखरजी तीर्थ किसी को नहीं देंगे। शिखरजी की रक्षा करना जिन शासन की रक्षा करना है। दोपहर में महोत्सव समापन के उपलक्ष में महोत्सव स्थल महावीर नगर से समोसरण मंदिर कंचन बाग तक समस्त प्रतिष्ठित प्रतिमाओं को रथ में विराजमान कर मुनि श्री के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महोत्सव के सभी पात्र बग्घियों में विराजमान थे एवं भारी संख्या में महिला पुरुष नाचते झूमते पैदल चल रहे थे। शोभायात्रा में सांसद शंकर ललवानी, पार्षद राजेश उदावत, राजीव जैन भी सम्मिलित हुए। ललवानी ने सभी बग्घियों में बैठे पात्रों से मिलकर उन्हें पंचकल्याणक के सफलता की बधाई दी, रथ में विराजमान प्रतिमाओं की आरती उतारी और नृत्य भी किया। मार्ग में जगह जगह प्रतिमाओं की वंदना की गई और आरती उतारी गई। शोभायात्रा के समोसरण मंदिर पहुंचने पर मुनि श्री के आशीर्वचन हुए। शोभा यात्रा का निर्देशन पुलक चेतना मंच के प्रदीप बड़जात्या एवं कैलाश लुहाडिया ने किया। प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आज मंगलवार को प्रातः 7 बजे से समोसरण मंदिर में विश्व की सबसे बड़ी स्फटिक मणि की प्रतिमा का महा मस्तकाभिषेक होगा।

**ललवानी ने सभी बग्घियों में बैठे पात्रों से मिलकर उन्हें पंचकल्याणक के सफलता की बधाई दी...**

# वर्धमान पाठशाला के बालकों ने पूजन किया

## भगवान नेमिनाथ की शांति धारा की, बालकों को मिठाई एवं पुरस्कार वितरित किए

टोंक. शाबाश इंडिया

मार्गशीर्ष शुक्ल द्वादशी के शुभ अवसर पर रविवार को नेमीनाथ मंदिर पुरानी टोंक में भगवान नेमिनाथ की शांति धारा एवं अभिषेक किया गया। मनोज सोनी के द्वारा रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान नेमिनाथ की शांति धारा की गई। इस अवसर पर सोनू पाटनी, अशोक छाबड़ा, बाबूलाल सोनी आदि मौजूद थे। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि पंडित राजीव शास्त्री के निर्देशन में वर्धमान पाठशाला के बालकों के द्वारा भगवान नेमिनाथ एवं नवग्रह देवता की पूजा की गई। पाठशाला के पंछील, अर्चिता, निया, संस्कृति, ऋषि, यश, दर्शील, नैवेद्य,चयन, धारा,तनीषा, दिव्यांशी, प्रियांशी, मिताली आदि बालक बालिकाओं ने भक्ति भाव के साथ पूजन कर भगवान को अर्घ्य समर्पित किए। पूजन समाप्ति के पश्चात पाठशाला के बच्चों को अनिल कासलीवाल द्वारा मिठाई एवं पाठ्य सामग्री वितरित की गई। पाठशाला व्यवस्थापक अशोक छाबड़ा ने सभी को धन्यवाद दिया। सायंकाल वर्धमान पाठशाला के बालकों के द्वारा भगवान नेमिनाथ की 11 दीपको से महाआरती की गई एवं भक्तामर का पाठ णमोकार का जाप किया गया। इस अवसर पर प्रासुक जैन, अर्चिता सोनी, निया छाबड़ा, संस्कृति जैन आदि ने भक्ति भाव के साथ भगवान नेमिनाथ की आरती उतारी।



## गणिनी आर्यिका रत्न 105 विजयमति माताजी का पावन वर्षायोग एवं पिच्छिका परिवर्तन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गणिनी आ. रत्न 105 विशुद्धमती माताजी की सुशिष्या गोवर्धन नगर सांगानेर स्थित भव्य नव निर्मित श्री 1008 वासुपूज्य जिनालय एवं 'सन्त भवन' की प्रेरिका प.पू. श्री बालयोगिनी गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री विजयमति माताजी का पिच्छिका परिवर्तन एवं पावन वर्षायोग कलश कूपन ड्रा समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सानन्द सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम शुरू में बालिकाओं के द्वारा नृत्य की भव्य प्रस्तुति देकर मंगलाचरण किया गया। तत्पश्चात चित्र अनावरण पारस कुमार जैन (आगरा वाले) जयपुर, अजय कुमार विजय कुमार जैन आगरा, तथा दीपक जैन ने किया। दीप प्रज्वलन प्रशान्त जैन, एकता जैन आगरा, एवं देवली समाज ने किया। कार्यक्रम में आर्यिका श्री की अष्टद्रव्यों से पूजन समाज की विभिन्न संस्थाओं के मंडलों, अनेक महिला मंडलों द्वारा की गयी। माताजी की आरती मां विजय मती महिला मंडल टोरडी द्वारा की गई। इसी के मध्य अथक पुरुषार्थी एवं काव्यवादिनी ज्ञान मंजूषा बाल ब.अल्पना दीदी का अवतरण दिवस सारे समाज ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में आदरणीय दीदी की कार्यप्रणाली देखकर समूचे जन समुदाय ने दीदी को **''जिनधर्म प्रभाविका''** की उपाधि से अलंकृत किया गया। आर्यिका श्री का पाद प्रक्षालन मूलचंद -शांति देवी पाटनी पवांलिया निवासी जयपुर ने किया। शास्त्र भेंट श्रीमती विजय लक्ष्मी सेठी परिवार तथा वस्त्र भेंट सुधा, अतुल, राहुल पोद्दार परिवार जयपुर ने किये। तत्पश्चात पू. गुरु मां के कर कमलों में नूतन पिच्छिका सुर ज्ञान नैनावती, हिमांशु, पूनम, चिराग, अनय जैन मित्तल परिवार अजमेर वालों ने भेंट की। पू. माताजी ने अपनी पुरानी पिच्छिका संजयकुमार, शालू जैन मेरठ वाले (संघपति) को प्रदान की। अनेकों सैकड़ो कूपनों में से प्रथम मुख्य कलश ज्ञानचंद सुभाष चंद जैन प्रताप नगर को द्वितीय कलश नरेंद्र कुमार अभिनव कुमार जैन अजमेर को, तृतीय कलश भागचंद, नीरज कुमार अमित कुमार जैन लवाण वाले प्रतापनगर ने प्राप्त करने का सोभाग्य प्राप्त किया। दीदी एवं जिनेन्द्र जैन जीतू प्रतापनगर ने किया।

# श्रीमदभागवत कथा 15 से



## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निमंत्रण दिया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री मति गोविन्दी देवी इंदरलाल डेरेवाला मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट व श्री गौ गौरी समिति के बैनर तले आगामी 15 से 21 दिसम्बर तक स्टेच्यू सर्किल स्थित होटल हवेली में श्रीमद भागवत कथा का विषाल स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस श्रीमद भागवत कथा में आनें के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कार्यक्रम के आयोजक जुगल किशोर डेरेवाला, महेन्द्र डेरेवाला, प्रमोद डेरेवाला व रितेश डेरेवाला ने निमंत्रण दिया। कार्यक्रम के आयोजक जुगल किशोर डेरेवाला, महेन्द्र डेरेवाला, प्रमोद डेरेवाला व रितेश डेरेवाला ने बताया कि यह कथा खाटूधाम के महंत मोहन दास जी महाराज के सानिध्य में होने वाली हैं। इस कथा में परमपूज्य अनिरूद्धाचार्य जी महाराज अपनी ओजस्वी व मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत का रसपान कराएंगे। कथा का शुभारंभ 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे सी-स्कीम, महावीर स्कूल के पास लाजपत मार्ग स्थित सी-41 से मंगल कलश यात्रा से होगा जो विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल पहुंचेंगी, जहां पर देव प्रतिष्ठा के बाद भागवत महात्म्य व शुकदेव आगमन की कथा होगी। उन्होंने बताया कि कथा प्रसंग के तहत 16 दिसम्बर को विराट स्वरूप वर्णन व ध्रुव चरित्र की कथा होगी। 17 को प्रहलाद चरित्र व गजेन्द्र मोक्ष चरित्र की कथा होगी। कथा ज्ञानयज्ञ के तहत 18 को वामनावतार व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के तहत नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 दिसम्बर को भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला, माखनचोरी व गोवर्धन की पूजा के बाद 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। महोत्सव के तहत 20 को रूकमणि विवाह महोत्सव मनाया जाएगा, साथ ही सुदामा चरित्र की कथा होगी। महोत्सव के अंतिम दिन 21 को नवयोगेष्वर संवाद, अवधूतोपाख्यान, द्वादष स्कंध के बाद कथा का विश्राम होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। कथा रोजाना दोपहर 2.30 बजे से साम 6 बजे तक होगी। इस कथा के लिए होटल हवेली में विषाल वाटरप्रूफ पांडाल बनाया जा रहा है। इस पांडाल को तैयार करने में कारीगर दिन-रात जुटे हुए है।

## जन्मदिवस पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया स्वेच्छिक रक्तदान शिविर

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

जयपुर। एंकर प्रीती सक्सैना के जन्मदिन एवं **''अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस''** के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमे लगभग 60 से भी ऊपर रक्तदाताओ ने रक्तदान किया स्वयं एंकर प्रीती सक्सैना ने 27वीं बार रक्तदान किया। एंकर प्रीती सक्सैना ने बताया कि रक्तदान शिविर में एकत्र होने वाला रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि सांसद रामचरण बोहरा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्होंने कहा रक्तदान एक ऐसा दान है जिसके बारे में आपको स्वयं को पता नहीं होता



कि आप का दिया हुआ रक्त किस के काम आएगा, रक्तदान महादान है। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पूर्व उपमहापौर मनोज भारद्वाज, सफारी ग्रुप के एम डी पवन गोयल, राजकुमार शर्मा, गोपाल शर्मा, सुभाष गोयल, मुकेश बिवाल, जीतू स्वामी, आलोक अग्रवाल, सुधीर जैन, सूर्यकांत सिंह, शशिकांत सिंह, विनय पाराशर, कन्नू मेहता, कोमल चौहान, हर्षिता शर्मा, आतिश लोड़ा, गुल त्यागी, शालिनी माथुर, शुभम चतुर्वेदी, डॉ आर के गुप्ता, डॉ अमित शर्मा, डॉ महावीर सैनी, डॉक्टर लोकेश, डॉ अनिल, डॉ सुनीता, शंकर सिंह खंगारोत, सुनील बियोत्रा, अनिल बाफना, नवल किशोर, दीपक सैनी, माधुरी कुमार, लवीना केशवानी, मेघा, शशि केडिया, अक्षत, राजीव अरोड़ा, विकास भाटिया, थैलेसीमिया चिल्ड्रन सोसायटी के अध्यक्ष नरेश भाटिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस शिविर में डॉक्टर लोकेंद्र त्यागी, मनीष पोसिक, शंभू कुमावत, इमरान खान, महमूद अहमद, मनीष ग्रेनीवाल, सुवित कौशिक, ईशा शर्मा, डॉक्टर कुलविंदर सिंह, प्रीती सक्सैना सहित अन्य रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया के बच्चों के लिए रक्तदान किया।

# नाहटा ने की गुजरात एवं हिमाचल विधानसभा चुनाव की भविष्यवाणी

रोहित जैन. शाबाश इंडिया




नसीराबाद। नाहटा ने पहली बार चुनाव की ये भविष्यवाणी गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) के माध्यम से की है, नाहटा द्वारा बनाई गई ये नई विकसित गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) बहुत जल्दी ही दुनिया के सामने कई परीक्षणों के बाद लांच की जाएगी , अभी इस भविष्यवाणी लैब को केवल परीक्षण के तौर पर रखा गया है - राजस्थान के अजमेर जिले में स्थित ब्यावर शहर के एस्ट्रोलॉजर एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ दिलीप नाहटा के अनुसार 08 दिसंबर 2022 को गुजरात एवं हिमाचल दोनों ही राज्यों में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी एवं गुजरात एवं हिमाचल में कांग्रेस पार्टी 2017 के मुकाबले काफी कम सीटें ला पाएंगी क्योंकि इस चुनाव में आम आदमी पार्टी कांग्रेस के ही कुछ मतों को अपनी ओर खींचने में सफल रहेगी, जिससे केवल मात्र कांग्रेस को ही नुकसान उठाना पड़ेगा यानी गुजरात में सातवीं बार भाजपा सरकार बनने एवं हिमाचल में दूसरी बार भाजपा सरकार बनने एवं आम आदमी पार्टी की करारी हार होने के योग बनते देखे जा सकेंगे एवं आम आदमी पार्टी को गुजरात एवं हिमाचल में मुंह की खानी पड़ेगी , इसके अलावा गुजरात में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री के उम्मीदवार इशुदान गढवी स्वयं भी अपना चुनाव हार जाएंगे एवं हार के बाद गुजरात से इस्तीफा भी अरविंद केजरीवाल को सौंप देंगे , नाहटा के अनुसार गुजरात विधानसभा चुनाव के इतिहास में नरेंद्र मोदी अमर हो जाएंगे क्योंकि केवल और केवल नरेंद्र मोदी के कारण ही 27 वर्षों के बाद एक बार फिर से गुजरात में सातवीं बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी , जो एक ऐतिहासिक जीत होगी , इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में भी ऐसा पहली बार ही होगा कि लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार वहां पर बनने जा रही है क्योंकि हिमाचल में हमेशा पांच साल बाद सता का परिवर्तन हो जाता रहा है, अगर इन दोनों राज्यों में सीटों की बात करें तो एस्ट्रोलॉजर दिलीप नाहटा के अनुसार इस बार गुजरात विधानसभा चुनाव की 182 सीटों में से नाहटा द्वारा बनाई गई गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) से मिले आंकड़ों के अनुसार गुजरात में भारतीय जनता पार्टी को लगभग 116 या 126 या 136 सीटों के आसपास सीटें मिलने की संभावना बनती हुई नजर आ रही है, फिर भी नाहटा के अनुसार यदि केतु ग्रह ने भाजपा का साथ दे दिया तो 136 से भी काफी अधिक बंपर सीटें 150 प्लस तक पहली बार गुजरात में आ सकती है , जिसे किसी ने सपने में भी सोचा नहीं होगा, अगर गुजरात में बीजेपी की बंपर सीटें आई तो गुजरात में लगभग पूरी तरह से पहली बार कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी का सफाया भी हो सकता है , वहीं गुजरात में कांग्रेस पार्टी को लगभग 15 या 25 या 35 प्लस के आसपास सीटें मिलने की संभावना बनती हुई नजर आ रही है , वहीं दूसरी तरफ गुजरात में आम आदमी पार्टी को लगभग 05 या 15 या 25 प्लस के आसपास सीटें मिलने की संभावना बनती हुई नजर आ रही है और आम आदमी पार्टी की गुजरात में लगभग 125 सीटों पर एवं हिमाचल प्रदेश में लगभग 35 सीटों पर जमानत भी जप्त हो जाने की संभावना बनती हुई नजर आ रही है , वही हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव की 68 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी लगभग 36 या 46 या 56 सीटों के आसपास सीटें लाने में सफल होती हुई नजर आ रही है , ज्ञात रहे कि उपरोक्त दिए गए सीटों के आंकड़ों में तीन या चार सीटें आगे पीछे भी हो सकती है , अबकी बार गुजरात में फिर से भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में एवं हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आश्चर्यजनक सीटें लाकर इतिहास में अमर हो जाएगी और इससे नरेंद्र मोदी का कद देश की राजनीति में ओर भी बढ़ जाएगा, गौरतलब है कि नाहटा ने कुछ महीने पूर्व ही एक ऐसी अद्भुत भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) का निर्माण करने में सफलता हासिल की है जो दुनिया के लगभग सभी 195 देशों के भविष्य में घटने वाली घटनाओं का समय पूर्व ही पूवार्नुमान देने में सक्षम मानी जा सकती है यानी वैज्ञानिक तौर से दुनिया के लगभग सभी 195 देशों के भविष्य की भविष्यवाणी कर देंगी जो कितनी सटीक होगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन अभी केवल भविष्यवाणियों के परीक्षणों के तौर पर ही इस भविष्यवाणी लैब को परखा जा रहा है , अगर ये भविष्यवाणी लैब अपने परीक्षणों में सफल हो जाती है तो ये विश्व का पहला

> एस्ट्रोलॉजर दिलीप नाहटा के अनुसार इस बार गुजरात विधानसभा चुनाव की 182 सीटों में से नाहटा द्वारा बनाई गई गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) से मिले आंकड़ों के अनुसार गुजरात में भारतीय जनता पार्टी को लगभग 116 या 126 या 136 सीटों के आसपास सीटें मिलने की संभावना बनती हुई नजर आ रही है...

अद्भुत एवं रहस्यमई आविष्कार माना जाएगा, नाहटा ने इस भविष्यवाणी लैब का नाम गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) के नाम से प्रदर्शित किया है, ज्ञात रहे कि गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) अभी केवल परीक्षण के तौर पर रखी गई है एवं हाल ही में गुजरात एवं हिमाचल में हो रहें चुनावों की भविष्यवाणी भी नाहटा ने पहली बार इस गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) के माध्यम से की है एवं कुछ भविष्यवाणियों के सटीक परीक्षणों के बाद ही इस गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब पार्ट फर्स्ट ( 01 ) का उचित समय पर उचित कर कमलों से अनावरण एवं शुभारंभ किया जाएगा, जो गुरु हस्ती के चरणो में संपूर्ण संसार की भविष्यवाणी करने हेतु समर्पित की जाएगी , गौरतलब है कि पहले भी ब्यावर के नाहटा 2013 में एक ऐसी हस्तरेखा लैब का निर्माण कर चुके हैं, जिसने पिछले 09 वर्षों के भीतर भविष्य के सटीक अनुमानों के द्वारा देशभर के हजारों लोगों का दिल जीत लिया है, ज्ञात रहे कि पिछले 10 वर्षों के भीतर राजस्थान के अजमेर जिले में स्थित ब्यावर शहर के एस्ट्रोलॉजर एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ दिलीप नाहटा द्वारा की गई लगभग 300 से अधिक भविष्यवाणियां सत्य साबित हो चुकी है , जिसमें कुछ राजनीतिक भविष्यवाणियां भी सत्य साबित हुई है जैसे - 2013 में ब्यावर विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार शंकर सिंह रावत का विजयी होना , 2013 में मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना , 2013 में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना , 2013 में कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनना , 2014 में लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना , 2014 में लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को अधिकतम 05 से ज्यादा सीटें नहीं मिलना , 2018 में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनना , 2018 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना, 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनना, 2018 में राजस्थान में अशोक गहलोत का मुख्यमंत्री बनना, 2018 में कांग्रेस को राजस्थान में 90 से लेकर 120 के मध्य सीटें आना, 2019 में लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी का दुबारा प्रधानमंत्री बनना, 2019 में राजसमंद लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी दीया कुमारी जी का विजयी बनना , 2020 में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल का दोबारा मुख्यमंत्री बनना, 2020 में बिहार चुनाव में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना , 02 मई 2021 को बंगाल में तीसरी बार ममता बनर्जी का मुख्यमंत्री बनना एवं 02 मई 2021 को असम विधानसभा चुनाव में एनडीए भाजपा गठबंधन की सरकार बनना एवं 02 मई 2021 को केरल विधानसभा चुनाव में एलडीएफ ( छळ्क्र ) गठबंधन की सरकार बनना , 02 मई 2021 को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में यूपीए डीएमके गठबंधन की सरकार बनना , 02 मई 2021 को पांडिचेरी विधानसभा चुनाव में एनडीए भाजपा गठबंधन की सरकार बनना एवं 10 मार्च 2022 को उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना , 10 मार्च 2022 को उत्तराखंड में भाजपा की सरकार बनना , 10 मार्च 2022 को मणिपुर में भाजपा की सरकार बनना , 10 मार्च 2022 को गोवा में भाजपा की सरकार बनना एवं 10 मार्च 2022 को पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जैसी 300 से अधिक भविष्यवाणियां अभी तक सत्य साबित हो चुकी है ।।

# जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरण किये

सुजानगढ़. शाबाश इंडिया



श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ़ निवासी बंगाईगांव प्रवासी स्वर्गीय मोहनलाल - स्वर्गीय मनभरी देवी बगड़ा की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र एवं पुत्रवधू सुनील कुमार-शर्मिला देवी बगड़ा परिवार के सौजन्य से मानव सेवा को अति उत्तम कर्म मानकर सर्दी के मौसम में सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वावधान में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरण का कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोडसर (सुजानगढ़) में रखा गया । जिसमे 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों व अभिभावकों को कम्बल,वितरित किये गए। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने जानकारी देते हुए समिति की गतिविधियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रजवंलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य नोरंग सीलू व समाजसेविका मीनू देवी बगड़ा ने किया । उपस्थित छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में श्रीमती मीनू देवी बगड़ा ने कहा कि तन की शुद्धि स्नान से होती है मन की शुद्धि ध्यान से होती है उसी प्रकार धन की शुद्धि दान से होती है इसलिए हर संभव जरूरतमंदों की मदद अपनी सामर्थ्य के अनुसार करनी चाहिए। समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा बगड़ा ने बताया की कम्बल वितरण के पहले चरण में आज 100 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए जल्द ही 400 कंबल और अलग अलग क्षेत्रों में वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर समिति सचिव विनीत बगड़ा ने भामाशाह बगड़ा परिवार का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में दिगंबर जैन समाज के उपाध्यक्ष लालचंद बगड़ा,महक पाटनी, प्रधानाचार्य महमूद हसन, देवी सिंह राठौड़, हीरालाल मेघवाल, संतोष वीर, सुमित्रा सिंह, सतीश कुमार, अरुण कुमार, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक मनोहर सिंह ने किया।

## नॉर्दन रिंग रोड के लिए भूमि अवाप्ति के लिए 20 दिसंबर तक अधिसूचना जारी करे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण: जिला कलक्टर



जयपुर. शाबाश इंडिया

जयपुर में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने कई अहम निर्देश दिये हैं। सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें श्री राजपुरोहित ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को 20 दिसंबर तक नॉर्दन रिंग रोड के लिए भूमि अवाप्ति की अधिसूचना जारी करने निर्देशित किया। उन्होंने 200 फिट बाइपास से 14 नबंर पुलिया तक सड़क और सर्विस लेन की नवीनीकरण करने के निर्देश दिये हैं। कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, वे स्वयं 15 दिसंबर से प्रत्येक 15 दिन में मौके पर जाकर कार्य प्रगति की जांच करेंगे। कलक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को 200 फिट अजमेर रोड चौराहों पर यातायात का दबाव कम करने के लिए फ्लाइ ओवर और अंडरपास बनाने के प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर भी चर्चा हुई जिस पर कलक्टर ने कहा कि अतिक्रमण वाले इलाकों में पहले समझाइश की जाए और फिर एक सप्ताह पूर्व सूचना देकर सभी संबंधित विभागों का संयुक्त दस्ता अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान के तहत कार्रवाई को अंजाम दे।

## अरिहंत का अनूठा इंट्रोटेनमेंट कार्यक्रम संपन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया

जैन सोश्यल ग्रुप अरिहंत का इंट्रोटेमेंट कार्यक्रम संपन्न किया गया। अध्यक्ष तरुण जैन और कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रीना जैन ने बताया की यह कार्यक्रम होटल संस्कार प्राइम, अजमेर रोड पर सांय 4 बजे से 10 बजे तक किया गया। कार्यक्रम ग्रुप के लिली हाउस द्वारा संजोया गया जिसके संयोजक श्रीमती रीना राजेश, सन्मति ज्योति, मुकेश आशा पाटनी, प्रदीप विजया गंगवाल, राजेश निधि जैन, संदीप अर्चना, सुधीर नीलम जैन, राजेंद्र लता जैन, दीपक प्रीति और हेमराज अंजू जैन थे। संयोजक सन्मति ज्योति जैन ने अवगत कराया कि अरिहंत ग्रुप के सभी हाउस संयोजकों को पहले से गाने के विषय दे दिए गए थे जिन पर उन्हें अपने हाउस की परफॉर्मेंस देनी थी। परफॉर्मेंस में सभी ग्रुप के सदस्यों को हाउसवाइस कैट वॉक करते हुए अपना परिचय और हाउस की परफॉर्मेंस देनी थी। और जिस हाउस की परफॉर्मेंस सबसे बढ़िया हुई उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। पुरुस्कार ग्रुप सदस्य राजेश निधि जैन की तरफ से दिए गए। प्रथम पुरुस्कार लूंगी डांस मरीगोल्ड हाउस को, द्वितीय पुरुस्कार पैसा पैसा करती है, ऑर्किड हाउस और तृतीय पुरूस्कार सनफ्लावर को उनकी बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए दिया गया। कार्यक्रम में सभी कपल सदस्यों से प्रश्न आंसर पूछे गए और उन्हें गिफ्ट भी दिए। ग्रुप के हर एक सदस्य ने जमकर कार्यक्रम का आनंद लिया।


### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com